राजभाषा मुद्रिका

तिमाही राजभाषा समाचार पत्र

अंक : 30 **अक्तूबर-दिसंबर 2021**

<u>प्रधान संरक्षक</u>

सुश्री रंजना झा

प्रधान मुख्य आयुक्त, केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल, कर्नाटक

<u>संरक्षक</u>

सुश्री अर्चना नायक

अपर आयुक्त (प्र.मु.आ.का का.), केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल

<u>संकल्पना और संपादन</u>

श्री वाई. सुब्रह्मण्यम,

वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी, केंद्रीय कर प्रधान मुख्य आयुक्त का कार्यालय, बेंगलूरु

दिनांक 29.12.2021 को केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड, नई दिल्ली के सदस्य श्री डी.पी. नागेन्द्र कुमार ने राजस्व वृद्धि के उपायों संबंधी बैठक के लिए बेंगलूरु का दौरा किया, जिसमें केंद्रीय और राज्य जीएसटी विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह

दिनांक 26-10-2021 से दिनांक 01-11-2021 तक केंद्रीय कर और सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया है । दिनांक 01-11-2021 को केंद्रीय कर, बेंगलूरु उत्तर आयुक्तालय, बेंगलूरु द्वारा वेबिनार के माध्यम से समापन समारोह मनाया गया है ।

भ्रष्टाचार उन्मूलन और सभी कार्यों में तत्परता और पादर्शिता लाने के संबंध में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा दिनांक 26-10-2021 को शपथ लेने के साथ-साथ सतर्कता जागरूकता सप्ताह की शुरुआत हुई ।

इस उपलक्ष्य में त्रिभाषी/द्विभाषी बैनर्स और पोस्टर्स सभी आयुक्तालयों के प्रमुख स्थान पर प्रदर्शित भी किए गएं । सतर्कता जागरूकता सप्ताह के आचरण के एक अंश के रूप में तीनों कन्नड़, हिंदी और अंग्रेजी भाषाओं में निबंध प्रतियोगिता और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता बेंगलूरु उत्तर आयुतालय द्वारा आयोजित की गईं ।

दिनांक 27-10-2021 को सतर्कता जागरूकता विषय पर बेंगलूरु पूर्व आयुक्तालय द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन किया गया था, जिसमें श्री एम. उमा शंकर, एडीसी, डीजीओवी और श्री पी.वी.एस.एस. श्रीनिवास, डीसी, डीजीओवी, एचजेडयू द्वारा बहुत जानकारीपूर्ण और संवादात्मक व्याख्यान दिए गए थे।

बेंगलूरु उत्तर आयुक्तालय, बेंगलूरु के प्रधान आयुक्त श्रीमती तेजस्विनी पी.कुमार ने स्वागत भाषण दिया । माननीय न्यायाधीश श्री एस. सुनील दत्त यादव ने मुख्य अतिथि का भार वहन किया । श्री एम. श्रीनिवास, मुख्य आयुक्त, सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल ने विशेष अतिथि का भार वहन किया । सुश्री रंजना झा, प्रधान मुख्य आयुक्त, केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की । श्री संजय पंत, केंद्रीय कर, मैसूरु आयुक्तालय ने विशेष भाषण दिया । सुश्री सौम्या गुप्ता, सहायक आयुक्त, पूर्व आयुक्तालय ने कार्यक्रम का संचालन किया ।

<u>संविधान दिवस</u>

भारतीय स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ (आजादी का अमृत महोत्सव) के यादगार अवसर को उचित तरीके से मनाने के लिए, सीबीआईसी देश भर में कई गतिविधियों और कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है।

बेंगलूरु सीजीएसटी अंचल की ओर से अमृत महोत्सव के एक अंश के रूप में, संविधान दिवस यानी 26 नवंबर 2021 के सुबह 11:00 बजे से अपराह्न 12:00 बजे तक बेंगलूरु पूर्व आयुक्तालय ने वेबेक्स पर एक ऑनलाइन सेमिनार का आयोजन किया । केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल की प्रधान मुख्य आयुक्त सुश्री रंजना झा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की । कर्नाटक के माननीय उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति श्री ए.वी. चंद्रशेखर ने "भारत का संविधान दिवस (विचार, उपलब्धियां और संकल्प)" विषय पर व्याख्यान दिया । जीएसटी, कर्नाटक अंचल के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी तथा करदाता इस संगोष्ठी में शामिल हुए थें ।



हिंदी कार्यशाला

दिनांक 25.11.2021 को नासीन, बेंगलूरु के तत्वावधान में केंद्रीय कर एवं सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल के समूचे कर्नाटक में कार्यरत निरीक्षकों के संवर्ग के लिए केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल द्वारा बेबिनॉर के माध्यम से ऑनलाइन हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया । अपने उद्घाटन भाषण में केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल की अपर आयुक्त सुश्री अर्चना नायक ने कहा कि केंद्रीय कर एवं सीमा शुल्क में कार्यरत निरीक्षक ही इस विभाग के प्रमुख स्तंभ हैं तथा इस कार्यशाला के बाद सभी प्रशिक्षित अधिकारियों द्वारा अधिक से अधिक कार्यालयीन कार्य राजभाषा हिंदी में करेंगे" । पूर्वाह्न के दोनों सत्र में सी.ए.आई.आर., बेंगलूरु के वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी डॉ.एस.एन. महेश ने व्याख्यान दिया, जिन्होंने "*राजभाषा नीति*" पर प्रकाश डाला । तथा अपराह्न के दोनों सत्र में सी.एम.टी.आई. हिंदी शिक्षण योजना, चेन्नै के सहायक निदेशक श्री कोमल सिंह चौधरी ने *टिप्पण एवं आलेखन पर* व्याख्यान दिया ।





दिनांक 11.11.2021 को केंद्रीय कर एवं सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल द्वारा कन्नड़ राज्योत्सव मनाया गया

इस अंचल में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की सामग्रियां हो तो, उन्हें इस समाचार पत्र के आगामी अंकों में प्रकाशन हेतु हमें cexhindicell@gmail.com ई-मेल पते पर संपर्क करें । **आपके बहुमूल्य सुझाव सादर आमंत्रित हैं ।**